Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 11 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 254

# मोदी कैबिनेट में विभागों का हुआ बंटवारा : शाह ही संभालेंगे गृह, सिंह के हाथ में रक्षा

## जेपी नड्डा को मिला स्वास्थ्य मंत्रालय, गड़करी रिपीट तो शिवराज, खट्टर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नईदिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है।नागपुर से सांसद नितिन गडकरी को फिर से सडक़ परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। अमित शाह को दोबारा गृह, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय और एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय सौंपा गया है।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और रसायन और उर्वरक मंत्री बनाया गया है। इससे पहले वे 2014 में भी मंत्री बनाए गए थे। निर्मला सीतारमण पर बतौर वित्त मंत्री दोबारा भरोसा जताया गया है।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी मामलों के मंत्री और बिजली मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री और पीयूष गोयल को वाणिज्य और उद्योग मंत्री नियुक्त किया गया है।

एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग और स्टील मंत्रालय, जीतन राम मांझी को सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय, अश्विनी वैष्णव को रेल, आईटी, सूचना एवं प्रसारण, ज्योतिरादित्य सिंधिया को टेलीकॉम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास का मंत्रालय, भूपेंद्र यादव को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, गजेंद्र सिंह शेखावत को कला पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अन्नपूर्णा देवी यादव को महिला और बाल विकास मंत्री बनाया गया है। अब तक स्मृति ईरानी इस मंत्रालय को संभाल रही थीं, लेकिन वे चुनाव हार गई हैं।किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों का मंत्री, हरदीप सिंह पुरी को पेट्रोलियम मंत्री, मनसुख मंडाविया को श्रम और रोजगार और खेल मंत्री, जी किशन रेड्डी को कोयला और खान मंत्री, चिराग पासवान को खाद्यप्रसंस्करण मंत्री और सीआर पाटिल को जल शक्ति मंत्री बनाया गया है।

राव इंद्रजीत सिंह को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, योजना मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।जितेन्द्र सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री की जिम्मेदारी मिली है।अर्जुन राम मेघवाल को कानून एवं न्याय मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।



एनडीए के सहयोगियों में कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, चिराग पासवान और किंजरापु राममोहन नायडू को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।जाधव प्रतापराव गणपतराव को आयुष मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है।जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है।सहयोगी पार्टियों के 4 अन्य नेताओं को भी राज्य मंत्री बनाया गया है।

शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वह अपने मंत्रिपरिषद के साथ मिलकर काम करते हुए देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा करने और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं. उन्होंने कहा, मंत्रियों की यह टीम युवा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है. हम लोगों के जीवन में सुधार के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे. पीएम मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति हैं.

| नाम | मंत्रालय |
|---|---|
| अमित शाह | गृह मंत्रालय |
| राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्रालय |
| नितिन गडकरी | सड़क परिवहन मंत्रालय |
| जेपी नड्डा | स्वास्थ्य मंत्रालय |
| धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्रालय |
| जीतन राम मांझी | एमएसएमई मंत्रालय |
| राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) | पंचायती राज मंत्रालय |
| सर्बानंद सोनोवाल | पोर्ट और शिपिंग का पुराना मंत्रालय |
| डॉ वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्रालय |
| राममोहन नायडू | नागरिक उड्डयन मंत्रालय |
| प्रल्हाद जोशी | उपभोक्ता मंत्रालय |
| जुएल ओरांव | जनजातीय कार्य मंत्रालय |
| गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्रालयअश्वनी वैष्णव |
| अश्वनी वैष्णव | सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय |
| ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया | दूरसंचार मंत्रालय |
| गजेन्द्र सिंह शेखावत | संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री |
| अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय |
| किरेन रिजिजू | संसदीय कार्य मंत्री |
| हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम मंत्रालय |
| डॉ मनसुख मंडाविया | श्रम मंत्रालय |
| चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| सीआर पाटील | जल शक्ति मंत्रालय |
| राव इंद्रजीत सिंह | संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री |

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मारे गए तीर्थयात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को रियासी आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मंजूर की। एलजी मनोज सिन्हा ने एक्स पर लिखा, रियासी आतंकी हमले में शहीद हुए तीर्थयात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। घायल तीर्थयात्रियों का जम्मू और रियासी के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। रविवार को रियासी जिले के पोनी इलाके के येरयाथ गांव में उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया जिसमें 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 घायल हो गए। बस शिव खोरी मंदिर से कटरा शहर वापस आ रही थी, तभी आतंकवादियों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे 10 तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। एलजी सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया है। एलजी ने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त सुरक्षा बल का अस्थायी मुख्यालय घटनास्थल पर स्थापित किया गया है और रियासी आतंकी हमले के अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है।

### सीएम एन बीरेन सिंह के काफिले पर घात लगाकर उग्रवादियों ने किया हमला

#### कई राउंड की फायरिंग

**इंफाल (आरएनएस)।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया। जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां चलाई गईं, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के एक हिस्से पर कोटलेन गांव के पास गोलीबारी अभी भी जारी है। पुलिस ने बताया कि हमले के दौरान कम से कम एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का सुरक्षा काफिला मणिपुर के जिरीबाम जिले जा रहा था क्योंकि यहां भारी तनाव जारी है, लेकिन इस दौरान अचानक कई राउंड की गोलीबारी कर दी गई. इसको देखते हुए सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की है. वहीं, अधिकारियों ने साफ करते हुए कहा कि सुरक्षा काफिले पर हुए हमले के दौरान सीएम एन बीरेन सिंह मौजूद नहीं थे क्योंकि अभी तक वो दिल्ली से नहीं लौटे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री लौटने के बाद जिरीबाम जाना था.

## चुनाव आयोग ने किया सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

### 10 जुलाई को मतदान और 13 को आएंगे नतीजे

**नईदिल्ली । आरएनएस**




चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की चार सीटों सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्त सीटों पर कराए जाएंगे।

जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी,मध्यप्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ शामिल हैं।

चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। नामांकन की जांच 24 जून को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे और मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि उपचुनाव 15 जुलाई से पहले पूरे होने हैं।

## मोदी 3.0 कैबिनेट का बड़ा फैसला, पीएमएवाई के तहत बनेंगे 3 करोड़ नए घर

**नई दिल्ली । आरएनएस**



मोदी कैबिनेट 3.0 की पहली बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत 3 करोड़ ग्रामीण और शहरी घरों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंदर सहायता दी जाएगी।

2015-16 में मोदी सरकार की तरफ से घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई थी। अभी तक 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनाए गए हैं।

पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ ही अन्य बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, जल के लिए नल कनेक्शन आदि प्रदान की जाती है।

ऐसे में मोदी 3.0 कैबिनेट की बैठक में लोगों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।इन घरों का निर्माण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में किया जाएगा। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है और ये उनके मोदी 3.0 कैबिनेट की पहली बैठक थी, जिसमें यह बड़ा फैसला लिया गया है।

इससे पहले पीएम मोदी ने अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए किसानों को सौगात दी। उन्होंने पहला आधिकारिक कार्य पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और करीब 20,000 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, यात्रियों से भारी बस की डंपर से टक्कर, 4 की मौत

**गाजीपुर । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है। अयोध्या से रामलला के दर्शन कर बिहार जा रही यात्रियों से भरी बस एक डंपर से जा टकराई। इस हादसे में बस चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हादसे में घायल लोगों में से कुछ को इलाज के लिए गाजीपुर जिला अस्पताल और कुछ को मऊ भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, ये हादसा सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बाराचवर के पास चैनल न.319 के पास यह हादसा हुआ। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि बस चालक ने पीछे से डंपर में टक्कर मार दी। हादसे में घायल सभी लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बस में बैठे लोगों की मानें तो बस चालक को झपकी आ गई थी और उसने सडक़ किनारे खड़े डंपर में टक्कर मार दी।

उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी लोग बिहार के भोजपुर जनपद के रहने वाले हैं, जो रामलला के दर्शन कर अयोध्या से वापस लौट रहे थे।

## जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच करेगी एनआईए

### आतंकवादियों की तलाश जारी

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय की ओर से इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा आतंकियों की तलाशी के लिए व्यापक अभियान चलाया गया है।इसके अलावा इलाके की सुरक्षा बढ़ी दी गई है। घटना की जांच में फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की एक टीम भी शामिल हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीर्थयात्रियों की बस को निशाना बनाने में 2 से 3 आतंकी शामिल थे। इन्हीं आतंकवादियों के समूह ने पिछले दिनों राजौरी और पुंछ में हमला किया था।आतंकियों की तलाश के लिए घने जंगलों में फौज उतारी गई है। उनकी खोज में ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आतंकी रियासी से भाग गए हैं।अभियान में पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान शामिल हैं।

रविवार को जब दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह चल रहा था, तब रियासी में शिवखोड़ी गुफा तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिससे बस खाई में गिर गई।घटना के समय बस शिवखोड़ी से वापस कटरा के आधार शिविर में लौट रही थी। घटना में 10 लोगों की मौत हो गई।खाई में गिरने के बावजूद आतंकवादियों ने गोलीबारी जारी रखी।

## हरियाणा में दो ट्रूकों की भीषण टक्कर में दोनों चालक जिंदा जले

**रायपुर रानी (हरियाणा) । आरएनएस**



हरियाणा में रायपुर रानी के गांव गोलपुरा के पास नेशनल हाईवे पर देर रात एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, आमने-सामने दो ट्रकों की टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद एक ट्रक में लगा सीएनजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसके चलते दोनों ट्रकों में आग लग गई। आग लगने के बाद दोनों ट्रक के चालक जिंदा जल गए। हादसे की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। हादसे के बाद रोड पर जाम लग गया। फायर ब्रिगेड की 4 गाडिय़ां मौके पर पहुंची और आग को काबू किया गया। बता दें कि एक ट्रक जिसका नंबर एचआर 58 सी 2409 है, उसका चालक सादिक (22 साल), अपने ट्रक में चेरी लोड कर श्रीनगर से यूपी जा रहा था। दूसरे ट्रक एचआर 58 सी 0063 का चालक रमजान यमुनानगर से पंचकूला की तरफ जा रहा था। दोनों की गोलपुरा गांव के नजदीक टक्कर हो गई। नेशनल हाईवे पर गोलपुरा गांव के नजदीक पिछले लगभग तीन साल से एक साइड का रोड बंद किया गया है, जो आज तक नहीं खोला गया। इसके चलते हर रोज यहां पर कुछ न कुछ सडक़ हादसे होते रहते हैं।

## नीट परीक्षा रद्द करने और हुई गड़बड़ी के आरोपों की जांच की मांग, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

**नईदिल्ली । आरएनएस**




नीट परीक्षा का रिजल्ट इस बार काफी विवादित रहा. एनटीए की ओर से जारी परिणाम के बाद स्टूडेंट्स, टीचर और शिक्षण संस्थान की ओर से उठ रहे सवाल के बाद एनटीए ने सफाई थी, लेकिन एनटीए की सफाई से स्टूडेंट्स बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हुए हैं. वहीं कई जगहों पर स्टूडेंट्स प्रोस्टेस्ट कर रहे हैं. इसी बीच एग्जाम के नतीजों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है. इस याचिका में कहा गया है कि रिजल्ट को रद्द घोषित कर दोबारा परीक्षा की मांग की गई है. नीट परीक्षा को लेकर ये याचिका तेलंगाना के अब्दुल्ला मोहम्मद फैज ने दाखिल की है.

साथ ही इस परीक्षा के बाद होने वाली कांउसलिंग को रोकने की भी मांग की गई है. नीट 2024 की परीक्षा में 23 लाख 33 हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए थे. नीट परीक्षा पहले 14 जून को जारी किया जाना था लेकिन इसे 10 पहले ही बिना जानकारी के लोकसभा चुनाव के नतीजे वाले दिन जारी कर दिया गया. नीट परीक्षा में हुए गड़बड़ी को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है. इस याचिका में एसआईटी की मांग और काउंसलिंग रोकने की मांगी की गई है. उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस पर सुनवाई की जाएगी.

नीट एग्जाम में हुए गड़बड़ी को लेकर कई नेताओं ने रिएक्शन दिया था, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी सहित अन्य नेताओं ने भी इस पर सोशल मीडिया पर ट्वीट किया था. वहीं एनटीए ने भी मामले को देखते हुए प्रेस कॉन्फ्रेस किया था, जिसमें एनटीए ने सभी सवालों का जवाब दिया था. लेकिन इन जबाव से न तो स्टूडेंट्स संतुष्ट हुए न तो टीचर. अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का इंतजार है.

इस बार नीट यूजी रिजल्ट में 67 स्टूडेंट्स ने रैंक 1 हासिल किया था. इसके अलावा एक ही सेंटर की 6 7 स्टूडेंट्स को एक जैसै नंबर मिले.

**नीट यूजी की सीबीआई जांच की मांग, कांग्रेस, बीजेपी, लेफ्ट समर्थित छात्र संगठन कर रहे हैं प्रदर्शन-** हाल ही में संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा के खिलाफ देशभर के कई छात्र संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन परीक्षाओं में अनियमितता की बात कहते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। लेफ्ट समर्थित छात्र संगठनों ने भी मामले की निष्पक्ष और तुरंत जांच की मांग की है।

नीट परीक्षा को लेकर कुछ ऐसा रूख कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई का भी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनटीए द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा-2024 के जारी किए गए परिणामों में आई व्यापक स्तर पर गड़बड़ी के खिलाफ सोमवार को दिल्ली के ओखला स्थित एनटीए के मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

लेफ्ट समर्थित छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इन छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग और परीक्षा की निष्पक्ष जांच करने की मांग केंद्र सरकार से की है। एनएसयूआई ने भी केंद्र सरकार से तुरंत मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीबीआई जांच कराने की मांग की है। साथ ही एनटीए की सभी परीक्षाओं को पारदर्शी करने की मांग के लिए विभिन्न आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

विदित हो कि हाल ही में एनटीए द्वारा नीट यूजी- 2024 परीक्षा के परिणाम जारी किए गए थे। छात्रों का आरोप है कि जारी परिणामों में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी तथा अनियमितता सामने आई है। पहली बार ऐसा हुआ है, जब जारी किए गए परिणामों में 67 छात्र टॉपर हैं। प्रथम स्थान के 7 छात्र हरियाणा के एक ही सेंटर से आते हैं। छात्रों ने पेपर लीक की भी संभावना जताई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गड़बडिय़ों के खिलाफ एनटीए मुख्यालय पर प्रदर्शन किया तथा प्रशासन से मिलकर मामले की जांच सीबीआई से करवाने, जिन छात्रों को ग्रेस मार्क्स प्रदान किए गए उनकी स्पष्ट जानकारी साझा करने, भविष्य में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा बढ़ाने, परीक्षा सरकारी केंद्र पर आयोजित करने एवं सरकार द्वारा नियुक्त परीक्षा निरीक्षकों/पर्यवेक्षकों को केंद्रों पर नियुक्त करने की मांग भी रखी।